# ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION

**Second Term Examination - 2018**

**Sub :Hindi language** **Class:5** **FM:8 0**

**Duration:2hrs 30 Mins.** **Date: 08.08.2018**

GROUP-A

1.दिए गये शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखें : 1x5=5

वर्षा ;पाठशाला ;माँ ; प्रसन्नता ; पहाड़

2.अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें : ½ x10=5

जो वर्ष में एक बार हो ;जिसे सत्य प्यारा हो ; मीठा बोलनेवाला ; दूसरों का उपकार करने वाला ; समाज से सम्बन्ध रखने वाला ; गाँव में रहने वाला ; देखनेवाला ; कविता लिखनेवाली ;कम खाने वाला ; मांस खानेवाला

3. दिए गये शब्दों के विलोम शब्द लिखें : 1/2x10=5

प्रकट; पाना ,प्रशंसा ,प्रातः ;तीव्र; नेक; पक्ष ; धर्म ; गुण ; खिलना

4.दिए गये शब्दों के विशेषण रूप लिखें : 1x3=3

धन ; सम्मान ; पंजाब

5. दिए गये मुहावरों के अर्थ लिखकर उनसे वाक्य बनाएं : 1x5=5

आँखें भर आना ; आँखों का तारा ; ख्याल मन से उतर जाना ; कमर कसना ; आकाश से तारे तोड़ लाना

6. समरूपी भिन्नार्थक शब्द : 4

| | | | |
|---|---|---|---|
| a) नीर - | b) पड़ना- | c) गृह- | d) दिन - |
| नीड़- | पढ़ना- | ग्रह- | दीन- |

GROUP-B

7.दिए गये प्रश्नों के उत्तर लिखें : 2x5=10

क) विशेषण किसे कहते हैं , उदाहरण सहित लिखें ?

ख) निजवाचक सर्वनाम के दो उदाहरण लिखें ?

ग) करण कारक के दो उदाहरण लिखें ?

घ) 'मिठाई ' शब्द परिमाणवाचक विशेषण क्यों है ?

ङ) विशेष्य किसे कहते हैं ?

8. दिए गये प्रश्नों के उत्तर लिखें : ( किन्हीं 5 के उत्तर लिखें) 3x5=15

क) कारक किसे कहते हैं ? उसके भेड़ों के नाम लिखें ?

ख) 'तोते की कहानी ' से आपने क्या सीखा ?

ग) गुणवाचक विशेषण किसे कहते हैं , उदाहरण सहित लिखें ?

घ) सम्बन्धवाचक सर्वनाम के तीन उदाहरण लिखें ?

ङ) दास ने अपनी सबसे भरी बोझ क्यों चुना ? क्या आपको लगता है कि वह बुद्धिमान था , क्यों ?

च) करण कारक और अपादान करक में क्या अंतर है ?

छ) तोते को पढ़ाने के लिए क्या-क्या त्यारियां की गई ?

GROUP-C

9. किसी एक विषय पर निबंध लिखें : 10

क) कक्षा 5 की प्यारी बातें जो मुझे हमेशा याद रहेंगी .....

ख) मेरी प्रेरणा ......

10. चित्र : 10



11. अपठित गद्यांश को ध्यान से पढ़ें तथा दिए गये प्रश्नों के उत्तर लिखें 2x4=8

एक चिड़िया थी , वह बहुत ऊंचा उड़ती, इधर उधर चहचहाती रहती । पर उस चिड़िया कि एक आदत थी वह जो भी दिन में उसके साथ होता , अच्छा या बुरा उतने पत्थर अपने पास पोटली में रख लेती और अक्सर उन पत्थरों को पोटली से निकाल कर देखती , अच्छे पत्थरों को देख कर बीतें दिनों में हुई अच्छी बातों को याद करके ख़ुश होती । और ख़राब पत्थरों को देखकर दुखी होती । ऐसा वह रोज़ करती ।रोज़ पत्थर इकट्ठा करने से उसकी पोटली भारी होती गई । थोड़े दिन बाद उसे भरी पोटली लेकर उड़ने में दिक्कत होने लगी । पर उसे समझ नहीं आ रहा था कि वह उठ क्यों नहीं पा रही ।

कुछ समय और बीता पोटली और भरी होती जा रही थी । अब तो उसका ज़मीन पर चलना भी मुश्किल हो रहा था । और एक दिन ऐसा आया कि वह खाने पिने का इंतज़ाम भी नहीं कर पति थी और कुछ ही दिनों में अपने पत्थरों के बोझ टेल ही मर गई । दोस्तों ऐसा ही हमारे साथ भी होता है जब हम पुराणी बातों की पोटली अपने साथ रखते हैं । अपने जीवन का आनंद लेने के बजाय पुरानी बातों को याद कर दुखी होते रहते हैं । जीवन के हर पल का आनंद लीजिये और अपने आने वाले समय को भी खुशियों से भर लीजिये ।

क) चिड़िया रोज़ क्या करती ?

ख) चिड़िया कैसे मर गई ?

ग) ऐसी कौन सी पुरानी बात है जो आप चाह कर भी नहीं भूल पाते ?

घ) इस कहानी से आपने क्या सीखा ? क्या आप इसे अपने जीवन में अपनाएंगे ? क्यों ?

Manisha Yadav

# ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

Second Term Examination -2018

Sub: Hindi language | Class: V | F.M.:80

Duration: 2Hours 30mins | Date : 8.8.18

MODEL ANSWER

GROUP-A

1.दिए गये शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखें : 1x5=5

वर्षा(बारिश, बरखा ,बरसात , वृष्टि ) ;पाठशाला( विद्यालय ,मदरसा , स्कूल , गुरुकुल ) ;माँ(माता , जननी , मात,अम्बा) ; प्रसन्नता( ख़ुशी , आनंद , हर्ष , उल्लास ) ; पहाड़ ( पर्वत , भूधर , नाग , अचल )

2.अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें :½ x10=5

जो वर्ष में एक बार हो (वार्षिक);जिसे सत्य प्यारा हो(सत्यप्रिय ) ; मीठा बोलनेवाला( मृदुभाषी) ; दूसरों का उपकार करने वाला( परोपकारी) ; समाज से सम्बन्ध रखने वाला(सामाजिक ) ; गाँव में रहने वाला( ग्रामीण ) ; देखनेवाला( दर्शक) ; कविता लिखनेवाली( कवयित्री) ;कम खाने वाला(अल्पाहारी) ; मांस खानेवाला ( मांसाहारी)

3. दिए गये शब्दों के विलोम शब्द लिखें : 1/2x10=5

प्रकट(लुप्त); पाना( खोना) ,प्रशंसा(निंदा) ,प्रातः(सायं) ;तीव्र( मंद); नेक( दुष्ट); पक्ष(विपक्ष) ; धर्म( अधर्म) ; गुण ( दुर्गुण ); खिलना (मुरझाना)

4.दिए गये शब्दों के विशेषण रूप लिखें : 1x3=3

धन( धनि ) ; सम्मान( सम्मानित ) ; पंजाब( पंजाबी)

5. दिए गये मुहावरों के अर्थ लिखकर उनसे वाक्य बनाएं : 1x5=5

आँखें भर आना(दुःख के कारण आँखों में आंसू आना ) ; आँखों का तारा( बहुत प्रिय व्यक्ति ) ; ख्याल मन से उतर जाना( भूल जाना ) ; कमर कसना( तैयार होना) ; आकाश से तारे तोड़ लाना (असंभव को संभव कर देना )

6. समरूपी भिन्नार्थक शब्द : 4

| | | | |
|---|---|---|---|
| a) नीर -पानी | b) पड़ना- आराम करना | c) गृह-घर | d) दिन -दिवस |
| नीड़- घोसला | पढ़ना- पढाई -लिखाई | ग्रह-सूर्य, मंगल आदि | दीन-दरिद्र |

GROUP-B

7.दिए गये प्रश्नों के उत्तर लिखें : 2x5=10

क) विशेषण किसे कहते हैं , उदाहरण सहित लिखें ?

जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषताएं बताते हैं , उन्हें विशेषण कहते हैं , जैसे खरबूजा मीठा है

ख) निजवाचक सर्वनाम के दो उदाहरण लिखें ?

* आप स्वय करके देखिये
* यह कार्य तो मैं खुद करूँगा

ग) करण कारक के दो उदाहरण लिखें ?

मैं ट्रेन से दिल्ली गया

शबनम पेंसिल से चित्र बनती है

घ) 'मिठाई ' शब्द परिमाणवाचक विशेषण क्यों है ?

मिठाई गिनी भी जा सकती हैं , ओउर अक्सर तौल के ही मिलती है , आतः परिमाण वाचक विशेषण मणि जाती है

ड) विशेष्य किसे कहते हैं ?

जिन शब्दों की विशेषता प्रकट की जाती हैं , वे विशेष्य कहलाते हैं

8. दिए गये प्रश्नों के उत्तर लिखें : ( किन्हीं 5 के उत्तर लिखें) 3x5=15

क) कारक किसे कहते हैं ? उसके भेदों के नाम लिखें ?

संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से उसका सम्बन्ध वाक्य के दुसरे शब्दों से जाना जाता है , उसे कारक कहते हैं

कारक के ८ भेद होते हैं _ करता कारक , कर्म कारक , करण कारक , सम्प्रदान कारक , अपादान कारक , सम्बन्ध कारक , अधिकरण कारक , संबोधन कारक

ख) 'तोते की कहानी ' से आपने क्या सीखा ?

अपनी राय लिखते हुए मूक पशु पक्षियों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करे

ग) गुणवाचक विशेषण किसे कहते हैं , उदाहरण सहित लिखें ?

जो शब्द किसी वास्तु या व्यक्ति के रूप , रंग , गुण, आकर , स्वाद आदि की कोई विशेषता बताये , वह गुणवाचक विशेषण होता है

जैसे - उदिता के हाथ कोमल हैं

घ) सम्बन्धवाचक सर्वनाम के तीन उदाहरण लिखें ?

जो कक्षा में ध्यान से सुनते हैं , उन्हें सब समझ में आता है

जैसा करोगे , वैसा भरोगे

जिन्होंने बुलाया है , उनसे पूछिये

ङ) दास ने अपनी सबसे भरी बोझ क्यों चुना ? क्या आपको लगता है कि वह बुद्धिमान था , क्यों ?

कक्षा में लिखाये गये उत्तर पर विचार करें

च) करण कारक और अपादान करक में क्या अंतर है ?

करता जिस साधन से क्रिया को पूरा करता है , वह करण कारक होता है , जैसे - मैंने चाकू से सेब काटा

जिस शब्द से अलग होने का भाव प्रकट हो , वह अपादान कारक होता है - जैसे राम घर से निकल गया

छ) तोते को पढ़ाने के लिए क्या-क्या त्यारियां की गई ?

कक्षा में लिखये गये उत्तर पर विचार करें

GROUP-C

9. किसी एक विषय पर निबंध लिखें : 10


क) कक्षा 5 की प्यारी बातें जो मुझे हमेशा याद रहेंगी .....

ख) मेरी प्रेरणा ......

विषय के अनुरूप शब्दों का प्रयोग और चयन करें , अनुच्छेद - विभाजन , भाषा सरल , स्पष्ट और प्रवाहपूर्ण होनी चाहिए

10. चित्र : 10

दिए गये चित्र के आधार पर अपनी कल्पना से एक छोटी कहानी लिखिए



11. <u>अपठित गद्यांश को ध्यान से पढ़ें तथा दिए गये प्रश्नों के उत्तर लिखें</u>**2x4=8**

एक चिड़िया थी , वह बहुत ऊंचा उड़ती, इधर उधर चहचहाती रहती । पर उस चिड़िया कि एक आदत थी वह जो भी दिन में उसके साथ होता , अच्छा या बुरा उतने पत्थरअपने पास पोटली में रख लेती और अक्सर उन पत्थरों को पोटली से निकाल कर देखती , अच्छे पत्थरों को देख कर बीतें दिनों में हुई अच्छी बातों को याद करके खुश होती । और ख़राब पत्थरों को देखकर दुखी होती । ऐसा वह रोज़ करती ।रोज़ पत्थर इकट्ठा करने से उसकी पोटली भारी होती गई । थोड़े दिन बाद उसे भरी पोटली लेकर उड़ने में दिक्कत होने लगी । पर उसे समझ नहीं आ रहा था कि वह उठ क्यों नहीं पा रही ।

कुछ समय और बीता पोटली और भरी होती जा रही थी । अब तो उसका ज़मीन पर चलना भी मुश्किल हो रहा था । और एक दिन ऐसा आया कि वह खाने पिने का इंतज़ाम भी नहीं कर पति थी और कुछ ही दिनों में अपने पत्थरों के बोझ टेल ही मर गई । दोस्तों ऐसा ही हमारे साथ भी होता है जब हम पुराणी बातों की पोटली अपने साथ रखते हैं । अपने जीवन का आनंद लेने के बजाय पुरानी बातों को याद कर दुखी होते रहते हैं । जीवन के हर पल का आनंद लीजिये और अपने आने वाले समय को भी खुशियों से भर लीजिये ।

क) चिड़िया रोज़ क्या करती ?

चिड़िया के साथ दिन भर जो भी होता , अच्छा या बुरा उतने पत्थर अपने पास पोटली में रख लेती और अक्सर उन पत्थरों को देख कर अच्छी बातों को याद करके खुश होती और बुरी बातों को याद कर दुखी होती

ख)चिड़िया कैसे मर गई ?

चिड़िया के साथ दिन भर जो कुछ भी होता वह उतने पत्थर अपनी पोटली में रखती जाती , बितते समय के साथ उसकी पोटली भारी होती गई और एक दिन वह भरी पोटली का बोझ न सह पाई और पत्थरों के बोझ तले ही मर गई

ग) ऐसी कौन सी पुरानी बात है जो आप चाह कर भी नहीं भूल पाते ?

अपनी राय लिखें

घ) इस कहानी से आपने क्या सीखा ? क्या आप इसे अपने जीवन में अपनाएंगे ? क्यों ?

अपनी राय लिखें